पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 14260.
Date / दिनांक: 27/10/2021
संचिका-III-M-2701/21/CME

2021214260

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
नूतन राजधानी प्रमंडल/पाटलिपुत्रा प्रमंडल/
कंकड़बाग प्रमंडल/बाँकीपुर प्रमंडल/
पटना सिटी प्रमंडल/अजीमाबाद प्रमंडल,
पटना नगर निगम,पटना।

विषय:– **पटना नगर निगम क्षेत्र में प्रस्तावित सभी छठ घाटों के निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था करने एवं अन्य आवश्यक निर्देश के संबंध में।**

महाशय,

विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कार्तिक छठ महापर्व 2021 के लिए सभी छठ घाटों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस वर्ष गंगा किनारे में कुल 92 घाट एवं 44 तालाबों में छठ घाटों के निर्माण एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराने हेतु आवश्यक निदेश दिए गए हैं। अभी सभी कार्य निविदा स्तर पर ही हैं। इस कार्य को कराए जाने से संबंधित निर्देश निम्न प्रकार हैं :–

(क) सभी निविदाओं को निस्तार कर अविलम्ब कार्यादेश निर्गत किए जाएँ।
(ख) कार्य प्रारंभ के पूर्व एवं कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्रत्येक घाटों का 5–5 फोटोग्राफ्स मुख्यालय को समर्पित करेंगे।
(ग) कार्य समाप्ति के तुरंत बाद 24 घंटे के अंदर कार्य की मापी, मापी पुस्त में दर्ज कर उसकी छाया प्रति मुख्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

(घ) छठ घाटों का निर्माण प्राक्कलन में दर्ज विशिष्टियों के अनुरूप कराए जाए किसी भी स्थति में कार्य त्रुटिपूर्ण नहीं हों।

कृपया इन निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

27/10/21
नगर आयुक्त
पटना नगर निगम,पटना।

प्रतिलिपि:– मुख्य नगर अभियंता, पटना नगर निगम को सूचनार्थ ।

27/10/21
नगर आयुक्त
पटना नगर निगम,पटना।